# भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पथ विक्रेताओ के लिये सुनहरा अवसर

(ऑडिशन टाइम्स)



**शाहजहाँपुर** पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पथ विक्रताओ को ऋण वितरण हेतु नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में लीड बैंक कार्यालय सभागार में सभी अधिशासी अधिकारी, परियोजना अधिकारी, लीड बैंक प्रबन्धक तथा सभी बैंक प्रबन्धक के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें योजना के अन्तर्गत दो÷,ऋण की किश्त बीस हजार प्रति विक्रेता मार्च 2022 के लक्ष्य को पूरा करने के लिये नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी तथा परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित किया गया। पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत रूपये दस हजार ऋण का लाभ लिये पथ विक्रताओं को नियमित समय तथा समय से पहले अदायगी करने पर रुपये बीस हजार का ऋण बैंको के माध्यम से दिया जाना है। इसके साथ ही समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त द्वारा सभी बैकों के प्रबन्धकों को बताया गया कि शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जिन पथ विक्रताओं को दस हजार रुपये का लोन वित्तरण किया गया था एवं जिन पथ विकेताओं के द्वारा नियमित रुप से लोन की किस्त अदा की जा रही है, उनको बीस हजार रुपये का दो÷ड ऋण की किश्त बीस हजार प्रति विक्रेता वित्तरण किया जाये व बीस हजार लोन प्राप्त करने के उपरान्त नियमित रुप से जमा करने पर पचास हजार का लोन प्रदान किया जायेगा। समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त द्वारा बैंक प्रबन्धको को निर्देशित किया गया कि जिन पथ विक्रेताओं का पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत दस हजार रुपये का लोन स्वीकृत हो चुका है, उनको तत्काल दस हजार रुपये का ऋण वितरण कर दिया जायें। समीक्षा बैठक में लीड बैंक प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि जिन पथ विक्रताओं द्वारा डिजिटल लेन-देन किया जा रहा है, उनके बैंक खातों में सब्सिडी भारत सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा,परियोजना अधिकारी डूडा अतुल कुमार पाटक, लीड बैंक प्रबन्धक चन्द्र शेखर जोशी एवं सभी नगर निकायो के अधिशासी अधिकारी व बैकों के प्रबन्धक, शहर मिशन प्रबन्धक उपस्थित रहें।